परीक्षा त्यौहार के अगले ही दिन बोर्ड जैसी अहम परीक्षाएं

होली की रौनक के बीच परीक्षा की चुनौती

नवभारत,जबलपुर। शहर में रंगों के त्योहार होली की धूम के बीच विद्यार्थियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को ग्रहण के बाद आज 4 मार्च को धुरेड़ी मनाई जाएगी, लेकिन उत्सव का माहौल खत्म होते ही 5 मार्च को कक्षा 9वीं, 11वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। गौरतलब है कि इसी दिन भाईदूज भी है, जिससे छात्रों और अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार 5 मार्च को कक्षा 9वीं का संस्कृत, 11वीं का राजनीति विज्ञान और 12वीं का भूगोल विषय का पेपर आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षाएं विद्यार्थियों के वार्षिक परिणाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी उनके भविष्य पर असर डाल सकती है।

परिवहन और समय पर पहुंचने की चिंता

धुरेड़ी के अगले दिन शहर में आमतौर पर सन्नाटा पसरा रहता है और सार्वजनिक परिवहन के साधन सीमित हो जाते हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचना विद्यार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अभिभावकों को आशंका है कि त्योहार की गहमागहमी और अव्यवस्थित यातायात के कारण बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

शासन के निर्देशों के अनुसार परीक्षा तय समय पर

शिक्षा विभाग के नियमों में स्पष्ट किया गया है कि यदि परीक्षा अवधि के दौरान कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित होता है, तब भी परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तक राज्य शासन से कोई नया आदेश जारी नहीं होता, परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार ही आयोजित की जाएंगी।

स्थानीय अवकाश भी घोषित

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा भाईदूज के उपलक्ष्य में 5 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि यह अवकाश केवल शासकीय कार्यालयों और अन्य संस्थानों के लिए प्रभावी रहेगा, परीक्षाओं पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

आज मनाया जाएगा होला महल्ला

नवभारत,जबलपुर। होली पर सिख समाज द्वारा मनाया जाने वाला होला मोहल्ला महापर्व आज 4 मार्च को प्रात: 9 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तकगुरुद्वारा गौरीघाट में धूमधाम से मनाया जाएगा ।इसमें रागी जत्था भाई गुरदीप सिंह, मनप्रीत कौर खालसा, छत्तीसगढ़ एवं कथावाचक ज्ञानी बलविंदर सिंह, देहरादून सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। समापनोपरांत सिख मार्शल आर्ट गतकां के रोचक मुकाबले होंगे । गुरुद्वारा ग्वारीघाट प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

जेवरों से भरा पर्स जीआरपी ने लौटाया

जबलपुर, नवभारत। शासकीय रेल पुलिस की सतर्कता व तत्परता ने एक महिला यात्री का लाखों रुपए के जेवर और नकदी से भरा पर्स सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया। यह घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात दीक्षाभूमि एक्सप्रेस में हुई, जब यात्री का पर्स ट्रेन में छूट गया था। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि उन्हें ट्रेन क्रमांक 11046 दीक्षा भूमि एक्सप्रेस के कोच बी-5 की बर्थ नंबर 2 और 8 पर यात्रा कर रहीं संगीता वर्मा का पर्स छूटने की सूचना मिली थी। संगीता वर्मा धनबाद (झारखंड) की निवासी हैं। पर्स में सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रखी हुई थी। सूचना मिलते ही एक टीम तत्काल रवाना की गई। कोच में तलाशी ली और पर्स को सुरक्षित बरामद कर थाने ले आई। जांच के दौरान पर्स के भीतर लगभग 7 से 8 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पाई गई। फरियादी महिला के थाने पहुंचने पर आवश्यक पुष्टि के बाद पर्स उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। महिला यात्री ने जबलपुर जीआरपी की ईमानदारी और तत्परता की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

एक दिन में एक ही जगह में दो बार भड़की आग

▶ झंडा चौक ग्वारीघाट के पास हड़कंप, फायर अमले ने आग पर पाया काबू

नवभारत,जबलपुर। झंडा चौक ग्वारीघाट से कुछ दूरी पर स्थित जगह एक ही दिन में दो बार आग भड़कने से हड़कंप मच गया। लिहाजा सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर अमले ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान फायर अमला इस बात से हैरान था कि झंडा चौक ग्वारीघाट से कुछ दूरी पर जमे कचरे के ढेर पर सुबह साढे आठ बजे लगी आग को बुझा दिया गया था तो फिर दोपहर को दोबारा वहीं जगह पर आग कचरे में कैसे लग गई। अब आग लगी कि लगाई गई ये सवाल अब भी बरकरार है।

फायर ब्रिगेड कर्मी संजय पटैल ने नवभारत को बताया कि मंगलवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे झंडा चौक ग्वारीघाट से चंद दूरी पर लगे कचरे के ढेर में आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद फायर विभाग के टैंकर के जरिए आग पर काबू पा लिया गया था। फिर दोबारा मंगलवार दोपहर करीब 3 बजकर 10 मिनिट पर सूचना मिली कि इसी जगह फिर से कचरे के ढेर में आग भड़क उठी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। फायर कर्मियों की माने तो स्थानीय किसी तत्व द्वारा कचरे के ढेर पर आग लगाई गई है।

हार-जीत का दांव लगाते 8 गिरफ्तार

जबलपुर। गोसलपुर पुलिस ने जुझारी में घेराबंदी कर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे 8 जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी सहित नगदी बरामद की है ।पुलिस ने बताया कि जुझारी स्थित वेयर हाउस के सामने बलराम पटेल की दुकान के पास सजे जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई की गयी जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई, पुलिस ने वीरेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, रंजीत कुर्मी, गोलू चौबे, अमन कुर्मी, बलराम पटेल सभी निवासी ग्राम जुझारी, पंकज जैन निवासी बरनू तिराहा और वीरेंद्र सिंह निवासी कुआ खेड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 4,450 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

साजिश रच जेडीए प्लाट का क्रयनामा किया निष्पादित

फर्जी दस्तवेजों के जरिए धोखाधड़ी, तीन पर एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर स्थित जेडीए प्लांट के खरीद फरोख्त में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ । षडयंत्र रचते हुए प्लांट का क्रियनामा दूसरे के पक्ष में निष्पादित कर दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति श्रद्धा रघुवंशी निवासी साकेत नगर, विजय नगर ने लिखित शिकायत की कि सचिन श्रीवास्तव निवासी पंजाब बैंक कॉलोनी, चेरिताल, से बॉबी सिंह निवासी 1076, शांतिनगर, जबलपुर के माध्यम से सचिन श्रीवास्तव का आवासीय उपयोग का

खुला भूखंड जबलपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.), जबलपुर की योजना क्रमांक 05, महाराजा अग्रसेन वार्ड क्रमांक 35 के अंतर्गत विजय नगर स्थित जे.डी.ए. का लेआउट लीज प्लाट क्रय करने पंजीकृत विक्रय एवं हस्तांतरण अनुबंध निष्पादित किया गया, भूखंड की कीमत 17,50,000 रूपये तय हुई थी जिसमें से 4,00,000 रूपये का अग्रिम चेक सचिन श्रीवास्तव के नाम का दिया गया था एवं 1,00,000/- रूपये सचिन श्रीवास्तव के निर्देश पर बॉबी सिंह को भुगतान किया जा चूका था। इस तरह 5,00,000 रूपये का भुगतान बयाना के रूप में किया गया शेष 12,50,000 रूपये रजिस्ट्री के समय दिया जाना तय हुआ साथ ही यह भी निर्धारित हुआ कि इस अनुबंध के उपरांत सचिन श्रीवास्तव स्वयं के दायित्व पर विधिवत जे.डी.ए. से विक्रय अनुमति प्राप्त करेंगे और उसमे जो भी राशी व्यय होगी उसका भुगतान सचिन श्रीवास्तव द्वारा किया जायेगा। दोनों अनुबंध के अंतर्गत सचिन श्रीवास्तव एवं बॉबी सिंह ने उससे व उसके पति से कुल मिलकर 33,66,700 रूपये नगद, चेक व बैंक ट्रान्सफर के रूप में प्राप्त किये, जिसमें से सचिन श्रीवास्तव ने लगभग 18,95,000 रूपये एवं बॉबी सिंह ने 14,51,700 रूपये प्राप्त किये। बाद में उसे जानकारी प्राप्त हुई की सचिन श्रीवास्तव, बॉबी सिंह श्रीमती इशिता जैन व उनके पति आदर्श जैन द्वारा मिलकर कूटरचना कर षड़यंत्रपूर्वक उक्त भूखंड का पंजीकृत विक्रय नामा निष्पादित किया जा चुका है। सचिन श्रीवास्तव, बॉबी सिंह, श्रीमती इशिता जैन व उनके पति आदर्श जैन ने षड़यंत्रपूर्वक राशी व भूखंड की कीमत दे दी है । जिसे हड़पने की नीयत से पंजीकृत विक्रय हस्तांतरण पत्र निष्पादित होने व उसके द्वारा जे. डी.ए., जबलपुर में आपत्ति लगी होने के बावजूद सोची समझी साजिश के तहत, धोखाधड़ी, करते हुए कूटरचित दस्तावेजों के साथ उक्त भूखंड का पंजीकृत विक्रयनामा सचिन श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती इशिता जैन के पक्ष में निष्पादित कर दिया है ।आरोपी सचिन श्रीवास्तव, बॉबी सिंह खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

20 रूपए के लिए युवक को मारा चाकू

जबलपुर। मदन महल थाना अंतर्गत गुलौआ चौक में 20 रूपए के लिए उपजे विवाद के बाद युवक ने साथी पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है । मदन महल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि प्रवीण केवट 25 वर्षीय निवासी अधारताल और मदनमहल निवासी लकी केवट दोनों दोस्त है । जिन्होंने साथ में नाश्ता किया था। जिसके बीस रूपए लकी को प्रवीण से लेना था। मंगलवार को गुलौआ चौक पर बीस रूपए को लेकर विवाद हुआ। जब प्रवीण ने रूपए देने से मना किया तो लकी भड़क गया और चाकू निकालकर वार कर दिया। हमले में प्रवीण को चोट आ गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं लकी फरार हो गया ।

बाइक की टक्कर से दो घायल

जबलपुर। कुण्डम खंदिया के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पत्नी मोहल्ला अधारताल निवासी विशाल चौधरी (36) अपने चचेरे भाई आकाश चौधरी और दोस्तों सिकन्दर लाल व मुन्ना लाल कुशवाहा के साथ दो अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर ग्राम इमलई जा रहे थे। इमलई रोड पर माताजी की मढ़िया के पास पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 3455 के चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में आकाश चौधरी की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार आकाश चौधरी और मुन्ना लाल कुशवाहा सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए।

दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई घायल

जबलपुर। चरगवां एवं शहपुरा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जमकर हथियार चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में काउंटर केस दर्ज किए हैं।

शहपुरा पुलिस के मुताबिक मनोज उर्फ मोनू केवट 36 वर्ष निवासी ग्राम बिलखिरवा ने बताया कि वह हाईवा चलाता है। मंगलवार दोपहर लगभग 2-30 बजे राजेन्द्र केवट एवं उसके चाचा का लडका रोशन केवट एवं उसका भाई सोनू केवट आपस में लड रहे थे वह बीच बचाव करने लगा तो राजेन्द्र केवट पीछे से आया तो रॉड से हमला कर सिर मे पीछे चोट पहुंचा दी। वहीं राजेन्द्र केवट 47 वर्ष निवासी बिलखरवा ने बताया कि रोशन एवं सोनू आपस में झगडा कर रहे थे उसने बीच बचाव किया तो सोनू का भाई मोनू उर्फमनोज केवट एवं रोशन केवट उसके साथ गालीगलौज करते हुये बोले कि बीच मे आया तो जान से खत्म कर देंगे। मोनू ने धारदार चीज से हमला कर उसे बाये कान में चोट पहुंचा दी एवं रोशन ने हाथ मुक्को से मारपीट की है। इसी प्रकार चरंगवा में भी दो पक्षों में टकराव हुआ। जानकारी के अनुसार कोमल सिंह लोधी और लक्ष्मण सिंह लोधी के खेत आमने-सामने है। जिनके बबीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष के लोगों में टकराव हो गया ।इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे, रॉड से हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष से लक्ष्मण सिंह पटेल, पत्नी जानकी बाई समेत अन्य को चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष से प्रेमवती बाई पटेल, गोविंद पटेल, कोमल पटेल, सियाबाई पटेल अन्य को चोटें आई।

होली है..कहते हुए मांगे एक हजार नहीं देने मार दी कांच की बोतल

जबलपुर। गढ़ा में बदमाश ने एक युवक से होली है कहते हुए शराब पीने एक हजार रूपए मांगे जब उसने मना किया तो उस पर कांच की बोतल से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि आकाश उपाध्याय 26 वर्ष निवासी छोटी बजरिया गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त तनुज नामदेव, अंशुल ठाकुर तीनों मोहल्ले के नाना जी की चक्की के पास कमल किराना दुकान से सामान ले रहा था तभी मोहल्ले का अंकित बोला कि होली है शराब पीने के लिये एक हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो विवाद लगा, गालियां देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुये कांच को बोतल से उसके सिर, पीठ, सीना, आँख के पास चोट पहुंचा दी।

फ्लाईओवर पर बर्थडे पार्टी का वीडियो लीक

जबलपुर। मदनमहल से दमोहनाका के बीच बने मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर पर बर्थडे पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें युवतियां केक काटने के साथ डांस करते हुए ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। वीडियो लीक होने के बाद मदनमहल पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई होगी।

जानकारी के मुताबिक फ्लाईओवर में युवतियां अपने दोस्तों के साथ पहुंची जहां उन्होंने बर्थडे पार्टी मनाई। इस दौरान केक काटने के बाद फ्लाईओवर में ही डांस और जमकर आतिशबाजी की गई। ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने का वीडियो भी बनाया गया और इसे इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया गया। मदनमहल थाना प्रभारी धीरज राज ने ब ताया कि वीडियो संज्ञान में आया है । जिसमें युवतियां केक काटने के साथ डांस करते नजर आ रही है। यातायात को बाधित किया गया है। वीडियो किसने बनाया और पार्टी में कौन कौन शामिल था समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

तीन ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

नवभारत, जबलपुर। कुण्डम, बरगी, मझौली थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार बरगी के गोकलपुर में 24 वर्षीय बृजेश यादव ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता सुमेरा यादव (55) पिछले कुछ दिनों से अत्यधिक शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। आज सुबह लगभग 9 बजे सुमेरा यादव ने घर के पीछे लगे अशोक के पेड़ से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह मझौली के वार्ड नंबर 8 में रहने वाले ओमप्रकाश तिवारी (28) ने अपने घर के वेंटिलेशन की रॉड से धोती का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब सुबह देर तक ओमप्रकाश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। मृतक के ममेरे भाई वेदप्रकाश तिवारी ने दरवाजा तोड़ा तो ओमप्रकाश मृत अवस्था में लटका मिला। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है।

नशामुक्ति केंद्र से लौटते ही युवक ने लगाई फांसी

कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में 23 वर्षीय हनुमत सिंह सैयाम ने घर के रोशनदान से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार हनुमत की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह नशे का आदि था। उसे सुधारने के लिए जबलपुर के नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहाँ से वह दो दिन पहले ही लौटा था।

बिजली पोल से टकराकर पलटी कार, चार घायल

जबलपुर। खमरिया थाना अंतर्गत डुमना में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकराने के बाद सड़क किनारे ढलान में जाकर पलट गई। हादसे में चालक समेत उसके तीन दोस्त घायल हो गए। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । जानकारी के मुताबिक कृष्णा यादव निवासी होम साइंस कॉलेज के पास का कार से अपने तीन दोस्तों के साथ मंगलवार सुबह डुमना घूमना रहा था। कार को कृष्णा चला रहा था । डुमना रोड में कार से चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और कार बहक गई और सड़क से उतरे हुए ढलान में जाकर पलट गई । इस दौरान कार ने कई गुलाटी खाई । जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार फंस गए जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया इसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया ।

पलक झपकते ही टूव्हीलर पार करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

6 .50 लाख रूपए के 7 दुपहिया वाहन जब्त

नवभारत, जबलपुर। पाटन पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चुराये हुये 7 दुपहिया वाहन कीमती लगभग 6 लाख 50 हजार रूपये के जप्त किये गये है। पकड़ा गया चोर पल झपकते ही टूव्हीलर पार कर देता था। एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि चोरी के वाहन बेचने की फिराक में घूम रहे प्रशांत सेन पिता 21 वर्ष निवासी शास्त्रीनगर पश्चिम नर्मदा कालोनी तिलवारा को पाटन ने

नृत्य गोपाल मंदिर के पीछे मंडी रोड के पास दबिश देकर दबोचा। युवक नीले रंग की एक्सिस के साथ था। पूछताछ करने पर उक्त दुपहिया वाहन तिलवारा अन्तर्गत संग्राम सागर गार्डन के पास से 3 फरवरी की शाम को चोरी करना स्वीकार करते हुये लगभग 2-3 माह से जबलपुर में अलग अलग स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर पाटन क्षेत्र में भौंरदा हार में सुनसान जगह नहर पुलिया के नीचे चुराये हुये 6 दुपहिया वाहन छिपाकर रखना बताया, आरोपी प्रशांत सेन की निशादेही पर वाहनों को जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 7 दुपहिया वाहन कुल कीमती लगभग 6 लाख 50 हजार रूपये के जप्त किए गए।

चित्रगुप्त भगवान की महाआरती 5 को

नवभारत, जबलपुर। यम द्वितीया पर्व के पावन अवसर पर कायस्थ महासभा द्वारा आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज का पूजन, चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन 5 मार्च को सायं 5 बजे फूटाताल मंदिर में किया जाएगा। यह जानकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष कायस्थ महासभा एवं चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि पियूष वर्मा द्वारा दी गई। कायस्थ महासभा के सहेन्द्र श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव सहित महिला परिषद की ज्योति खरे, सरोज खरे, श्रीमती चन्दा श्रीवास्तव, सपना श्रीवास्तव एवं सचिन खरे ने समाज के स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

तनु हत्याकांड : चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

वैलेंटाइन डे पर प्रेमी ने साथियों के साथ की थी प्रेमिका की हत्या

नवभारत, जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत ननुसर में तनु चक्रवर्ती 18 वर्ष निवासी गढा की हत्या कर दी गई थी। शादी का दबाव बनाने पर वैलेंटाइन पर प्रेमी ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने फरार चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है जबकि प्रेमी समेत तीन आरोपी पूर्व में जेल भेजे जा चुके है।

विदित हो कि एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पीछे ग्राम सिमरिया में युवती की हत्या कर दी गई थी। मृतिका के हाथों में मेहंदी लग थी। जिसमें ईशू-तनू लिखा

हुआ था। जिसके बाद उसकी पहचान तनु चक्रवर्ती के रूप में हुई थी। जांच में यह बात सामने आई थी कि योगेश उर्फ ईशु गौंड और तनू के बीच प्रेम संबंध थे। पुलिस ने ईशु गिरफ्तार किया था जिसने पूछताछ में राज उगले थे। उसने बताया था कि तनु चक्रवर्ती उससे प्रेम करती थी और शादी करना चाहती थी, शादी के लिए बार बार उस पर दबाव बना रही थी लेकिन वह तनु चक्रवर्ती से शादी नहीं करना चाहता था। इसी लिए वैलेंटाइन डे पर उसने तनु चक्रवर्ती को मिलने बुलाया था वे अपने 3 अन्य साथियों के साथ पहुंचा और तनु चक्रवर्ती के आने पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी इसके उसके सिर चेहरे पर पत्थर पटक दिया था। प्रकरण में आरोपी योगेश उर्फ ईशु गौंड के अन्य 2 साथी पंकज बर्मन एवं राजा उर्फ अंकित श्रीवास को भी गिरफ्तार किया गया था। जबकि अमन केवट पिता दीपक केवट 18 वर्ष निवासी सर्वेन्ट क्वाटर पचपेढ़ी थाना सिविल लाईन का फरार हो गया था जिसे भी पुलिस ने कालीमठ मदनमहल से गिरफ्तार करते हुए घटना के समय पहने हुये कपड़े जप्त करते हुये आरोपी का प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

आक्रोश 11 मार्च तक भुगतान नहीं हुआ तो कलेक्टर कार्यालय घेराव की चेतावनी

मझौली में धान भुगतान को लेकर किसानों के उग्र तेवर

नवभारत,जबलपुर। जिले की मझौली तहसील में किसानों का धान भुगतान लंबित होने को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। पिछले एक महीने से धरने पर बैठे किसानों के समर्थन में भारतीय किसान संगठन एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने जिला प्रशासन को 11 मार्च 2026 तक भुगतान सुनिश्चित करने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में मझौली तहसील के किसान पिछले एक माह से धरने पर बैठे हैं। किसान संघ के तहसील मंत्री रणजीत पटेल के समर्थन में चल रहे इस आंदोलन में किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि 11 मार्च तक भुगतान नहीं होने की

स्थिति में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

आर्थिक संकट से जूझ रहे किसान

किसानों का आरोप है कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 का धान भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्र के किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संगठनों का कहना है कि यदि तय समय सीमा तक भुगतान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। साथ ही किसी भी प्रकार की जनहानि की जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं सरकार की होगी।

ये रहे उपस्थित

इस दौरान भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, राष्ट्रीय महासचिव किसान पटेल, जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन पटेल, पनागर तहसील अध्यक्ष अरविंद पटेल, तहसील सचिव अजय पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष सोनू पटेल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश पटेल, ब्रजेंद्र पटेल, विनीत पटेल, शीला पटेल, नितेश पटेल, दीपक जैन, वीरेंद्र पटेल, डी. साहू, वीरेंद्र राजपूत, गायन सिंह राजपूत, शरद साहू, कौशल सिंह राजपूत, दिनेश कुमार, अरविंद पटेल, गुड्डू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।